कोल्ड्रिंक्स और पानी की बोतलों से बनाये वर्टिकल गार्डन

कृषि कुंभ (जुन, 2023), खण्ड 03 भाग 01, पृष्ठ संख्या 67–68

कोल्ड्रिंक्स और पानी की बोतलों से बनाये वर्टिकल गार्डन

डॉ0 अभिनव कुमार[1] एवं डॉ0 रोहित कुमार

उघान विभाग, कृषि सकांय

[1]भगवंत विश्वविद्यालय, अजमेर, राजस्थान, भारत।

Email Id: abhinavkumar188@gmail.com

बागवानी का शोख सभी को होता है तो आज हम आपको बतायेगे की आप इस गर्मी के दिनों में किस तरह से अपनी घरो को आकर्षक बना सकते है जैसा की आप सभी लोग जानते ही है की गर्मी के दिनों में हम लोग अक्सर कोल्ड्रिंक्स तो पीते रहते है ओर पीने के बाद उनको फकें देते है जिससे की हम पर्यावरण भी प्रदूषण होता है हम अपने पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचा भी सकते है साथ ही साथ हम अपने घर को भी आकर्शक बना के षुद्ध वातावरण भी बना सकते है तो आइये इसी पहल में हम सबसे पहले ये जनते है कि वर्टीकल गार्डन कैहते किसे है :

यदि आप शहरी क्षेत्रों में रहते हैं जहां गार्डनिंग करने के लिए ज्यादा जगह नहीं है, तब भी आप अपनी मन पसंद सब्जियां, फल–फूल, हर्ब्स आदि के पौधे बड़ी ही आसानी से उगा सकते हैं। इनडोर या आउटडोर दीवारों, खिड़कियों पर हैंगिंग पॉट्स और ग्रो बैग में या प्लांट स्टैंड में गमलों को रखकर उनमें पेड़–पौधे लगाना, वर्टिकल गार्डनिंग कहलाता है और इस प्रकार तैयार किए हुए गार्डन को **वर्टिकल गार्डन** कहते हैं, जिसे **उर्ध्वाधर गार्डन** या **लम्बवत गार्डन** भी कहा जाता है।

अक्सर लोग पुराने डिब्बे, बाल्टी और टब में तो पौधे उगाते ही हैं, लेकिन जरा सोचिए खाली और बेकार कोल्ड्रिंक की बोतल को यदि गमले में कन्वर्ट कर वर्टिकल गार्डन तैयार किया जाएगा तो प्लास्टिक का रीसाइक्लिंग भी हो जायेगा और घर भी ज्यादा आकर्षक बन जायेगा अब में आपको प्लास्टिक की बोतलों से तैयार किये जाने वाले कई तरह के प्लांटर्स को बताउगा जिनको आप अपने घरो में आसानी से बना सकते है :

1. बोतल के निचले हिस्से को काटकर बनाएं प्लांटर

यह प्लाटिक की खाली बोतलों से प्लांटर बनाने का सबसे आसान तरीका है। इसके लिए आपको पानी या कोल्ड ड्रिंक वाली बोतलें लेनी होगी फिर उसे उल्टा करके उसके नीचे की पेंदी का भाग काट कर अलग कर देगे। अब बोतल के गोलाई से 4 छेद को बनाये जिससे उसे रस्सी की सहायता से बांध के लटकाया जा सके। अब बोतल के ढक्कन को लीजिये और उसे में कई सरे छेद बना दीजिये जिससे

की उसे में अतरिक्त पानी रुकने न पाए इस

तरह से आपका यह प्लान्टर तैयार हो जायेगा। इसमें आप तरह तरह के रंगों को भर के आकर्षक बना सकते है।

2. बोतल को दो भाग में काटकर बनाये गये प्लांटर

इस तरह के प्लान्टर को बनाने के लिए आपको एक बोतल लेनी होगी फिर उसे दो भागो में काट के अलग कर लेगे। जिससे दो छोटे–छोटे प्लांटर तैयार हो जायेगे। ऊपर वाले भाग को उल्टा करके एक प्लांटर बन जायेगा जिसमे पानी के निकास के लिए आपको ढक्कन में छेद करना होगा। वहीं, दूसरे हिस्से के चारों तरफ छेद कर देगे और उसमें रस्सी बांध ने के लिये गोलाई मे छेद कर देगे जिससे आप इसे कहीं भी लटका सकते हैं। इस तरह से आप एक ही

बोतल से दो प्लांटर बना सकते हैं।

3. जोइन्ट प्लांटर

इसको बनने के लिये आपको दो लीटर की बोतल की जरुरत पडेगी। इसके लिए आपको बोतल को बीच से इस तरह काटना है कि मात्र एक पट्टी जितना भाग बचे जाये। पट्टी को बीच से मोड़कर आप दोनों तरफ एक एक प्लांटर बना सकते है। पट्टी वाले भाग को आप अपनी रेलिंग पर बीज में रख कर आराम से लटका सकते हैं। अगर वानर सेना आपके यहाँ है तो आप पट्टी के बीच में एक पेच या कील से सहायता से आप इसे रोक सकते है।

4. उपरी हिस्सा काटकर बनाएं प्लांटर

इस तरह के प्लांटर को बनना बहुत ही आसान है और यह बहुत लोकप्रिय भी है इसे बनाने के लिये प्लास्टिक की किसी भी बोतल को लम्बा लेटा के आपको इस तरह से काटना है कि बोतल के उपरी हिस्सा २५% ही बचे बांकि का शेष रहे जाये व किनारों पर २ इनं हिस्सा छोड दे जिससे आकृति बनी रहे फिर इसके चारों तरफ चार छेद कर दें, ताकि आप इसमें रस्सी बांधकर कहीं लटका सकें।

इस तरह के प्लांटरो में आप आराम से आप पोर्टुलका, पेटुनिया, हर्ब्स, इंडोर प्लांट्स, शिमला मिर्च, टमाटर, बैंगन, मिर्च जैसे पौधे उगा सकते हैं लेकिन इस के लिए आपको इसे धुप वाली जगह में रखना होगा। कई बोतलों को आपस में जोड के आप हाइड्रोपोनिक गार्डन भी तैयार कर सकते हैं।

अब इस गरमी में इन प्लास्टिक की बोतलों से अपने घर को सुंदर और पर्यावरण को शुद्ध बनाये।